शब्दबाणों का प्रहार

# राष्ट्रबाण

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

सिवनी

संपादकः संजय बघेल

बुधवार 22 अक्टूबर 2025 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in | वर्ष : 10 | अंक : 183 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan




@ PG 2

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रपति भवन के पास इमारत में आग

**नईदिल्ली।** दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 31 के पास एक इमारत में मंगलवार को आग लग गई। दिल्ली फायर सर्विस के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें दो मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर आग लगने की सूचना दोपहर 1:51 बजे मिली थी। मौके पर पांच दमकल गाड़ियां भेजी गईं। आग पर 20 मिनट में काबू पा लिया गया। आग नर्मदा अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 19 में लगी थी।

### कर्मचारी सुसाइड केस में पुलिस ओला सीईओ को परेशान न करे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने बेंगलुरु पुलिस को आदेश दिया है कि वे ओला के सीईओ भाविश अग्रवाल और अन्य अधिकारियों को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में परेशान न करें। मामला 38 साल के कर्मचारी की मौत से जुड़ा है। जस्टिस मोहम्मद नवाज ने अग्रवाल, ओला इलेक्ट्रिक कंपनी और विभाग प्रमुख सुब्रत कुमार दाश की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि पुलिस जांच के नाम पर याचिकाकर्ताओं को परेशान न करे। अग्रवाल और अन्य ने 14 अक्टूबर को अदालत में याचिका दायर कर केस रद्द करने और किसी भी सख्त कार्रवाई से रोक लगाने की मांग की थी।

### संपत्ति विवादः दिल्ली में पोते पर दादा को गोली मारने का आरोप

**नईदिल्ली।** दिल्ली के चांदनी महल में मंगलवार सुबह 72 साल के शाहबुद्दीन को उनके पोते ने गोली मार दी। पुलिस का दावा है कि घटना पारिवारिक संपत्ति विवाद के चलते हुई। पीड़ित, उनका बेटा और पोते लंबे समय से संपत्ति को लेकर विवाद में थे।

### पुणे के शनिवारवाड़ा में नमाज के वीडियो पर विवाद

**पुणे।** पुणे के शनिवारवाड़ा किले में कुछ मुस्लिम महिलाओं के नमाज पढ़ने का वीडियो वायरल होने के बाद बीजेपी सांसद मेधा कुलकर्णी ने रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ शुद्धिकरण कार्यक्रम आयोजित किया। दावा है कि भाजपा नेताओं ने उस जगह पर गोमूत्र छिड़का।

**राष्ट्रबाण**

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

# मोदी बोले- ऑपरेशन सिंदूर में अन्याय का बदला लिया

## दीपावली पर देश के नाम लेटर में श्री राम से प्रेरणा लेने की बात कही

नईदिल्ली | एजेंसी
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के नाम अपने पत्र में लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा- यह दीपावली अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के बाद दूसरी दीपावली है।

पीएम ने भगवान श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। मोदी ने कहा कि राम हमें धर्म और न्याय के रास्ते पर चलने और अन्याय के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देते हैं। मोदी ने लेटर में हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। मोदी ने देश के कई जिलों, विशेष रूप से दूरदराज के इलाकों में नक्सलवाद और माओवादी आतंकवाद के खात्मे को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इस दीपावली पर इन क्षेत्रों में पहली बार दीप जलाए, जाएंगे, जो शांति और विकास का प्रतीक है। उन्होंने यह भी बताया कि कई लोग हिंसा का रास्ता छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं और भारत के संविधान में विश्वास जता रहे हैं। यह देश के लिए एक बड़ा कदम है।

**मोदी बोले- आने वाले दिनों में हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था होंगे**

प्रधानमंत्री ने हाल ही में शुरू हुए अगली पीढ़ी के सुधारों का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन कम जीएसटी दरें लागू की गईं, जिसके तहत जीएसटी बचत उत्सव के माध्यम से देशवासियों को हजारों करोड़ रुपए की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर कई मुश्किलों के बीच भारत स्थिरता और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि हम आने वाले दिनों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं।

**मोदी ने नौसैनिकों के साथ दिवाली मनाई:** लेटर जारी करने से पहले मोदी ने सोमवार को गोवा में आईएनएस विक्रांत पर नौसैनिकों के बीच दिवाली मनाई थी। यहां उन्होंने करीब 40 मिनट की स्पीच दी। उन्होंने कहा, हमारा विक्रांत आज आत्मनिर्भर भारत और मेड इन इंडिया का बहुत बड़ा प्रतीक है। आईएनएस विक्रांत ने पाकिस्तान की रातों की नींद उड़ा दी थी। जिसका नाम ही दुश्मन का चैन छीन ले, वो आईएनएस विक्रांत है। उन्होंने नौसैनिकों से बातचीत की। उनके साथ गाना गाया, मिठाई खिलाई और डिनर किया। यह 12वीं बार है कि पीएम दिवाली पर जवानों के बीच पहुंचे और दीवाली मनाई।



### मोदी के स्पीच की 4 बड़ी बातें...

- **आईएनएस विक्रांत ने पाकिस्तान की नींद उड़ा दी:** हमारा विक्रांत आत्मनिर्भर भारत और मेड इन इंडिया का प्रतीक है। महासागर को चीरता हुआ स्वदेशी आईएनएस विक्रांत भारत की सैन्य क्षमता का प्रतिबिंब है। विक्रांत ने अभी पाकिस्तान की रातों की नींद उड़ा दी थी। जिसका नाम ही दुश्मन का चैन छीन ले, वो आईएनएस विक्रांत है।
- **सेनाओं ने पाकिस्तान को घुटने पर ला दिया:** भारतीय नौसेना के पैदा किए गए भय ने, भारतीय वायुसेना के दिखाए गए अद्भुत कौशल ने, भारतीय सेना की जाबांजी ने यानी तीनों सेनाओं के जबरदस्त समन्वय ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को इतनी जल्दी घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।
- **100 जिले माओवादी आतंक से आजाद हुए:** 2014 से पहले देश के करीब 125 जिले माओवादी हिंसा की चपेट में थे। पिछले 10 साल की मेहनत के कारण ये संख्या लगातार घटती गई और आज मात्र 11 रह गई है। और 11 में भी जहां उनका प्रभाव नजर आ रहा है, वो संख्या मात्र 3 जिले बची है। 100 से ज्यादा जिले माओवादी आतंक से आजाद होकर पहली बार खुली हवा में सांस ले रहे हैं, शानदार दीवाली इस बार मना रहे हैं।
- **नौसैनिकों से बहुत कुछ सीखा:** मैं कल से आपके (नौसैनिकों) बीच हूं। एक-एक मैंने कुछ सीखा है, कुछ न कुछ जाना है। दिल्ली से निकला था तो सोचा था कि इस पल को जी लूं। आप लोगों की तपस्या, आप लोगों की साधना, आपका समर्पण इतनी ऊंचाई पर है कि मैं उसे जी नहीं पाया, लेकिन जान जरूर पाया। मैं अंदाज लगा सकता हूं कि इसे जीना कितना कठिन होगा।

### मोदी ने लेटर में दिवाली का संदेश दिया

मोदी ने अंत में लिखा कि दीपावली हमें यह भी सिखाती है कि जब एक दीपक दूसरे दीपक को जलाता है, तो उसका प्रकाश कम नहीं होता, बल्कि और बढ़ता है। उन्होंने कहा कि इसी भावना के साथ, आइए इस दीपावली पर हम अपने समाज और आस-पास सद्भाव, सहयोग और सकारात्मकता के दीप जलाएं।

### मोदी ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर दिया


मोदी ने कहा कि एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत की इस यात्रा में, एक नागरिक के रूप में हमारी जिम्मेदारी राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना है। उन्होंने स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने नागरिकों की जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा कि हर आदमी की छोटी-सी कोशिश देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है।

**मोदी ने अपने लेटर में लोगो के लिए कुछ सुझाव दिए**

- **स्वदेशी को अपनाएं:** स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दें और गर्व के साथ कहें, यह स्वदेशी है।
- **एक भारत, श्रेष्ठ भारत:** सभी भाषाओं का सम्मान करें और एकता की भावना को मजबूत करें।
- **स्वच्छता और स्वास्थ्य:** स्वच्छता को अपनाएं, अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और खाने में तेल का उपयोग 10 कम करें।
- **योग को जीवन का हिस्सा बनाएं:** योग को अपनाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा दें।
- **तेल का उपयोग कम करें:** अपने भोजन में तेल का उपयोग 10 कम करें।

# दिल्ली में दिवाली बाद पॉल्यूशन 5 साल में सबसे ज्यादा

## एक्यूआई 400 पार; दिल्ली के मंत्री बोले- पंजाब में पराली जलाने से प्रदूषण बढ़ा



नईदिल्ली | एजेंसी
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

**दिल्ली** में दिवाली के बाद हवा की क्वालिटी में तेजी से गिरावट हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिवाली के बाद दिल्ली की हवा में प्रदूषण के छोटे-छोटे कण (पीएम2.5) का लेवल पिछले पांच सालों में सबसे ज्यादा बढ़ गया है। दिवाली के बाद के 24 घंटों में हवा में पीएम2.5 लेवल 488 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर तक पहुंच गया। त्योहार से पहले यह 156.6 माइक्रोग्राम था। वहीं, साल 2021 में दिवाली के बाद दिल्ली में पीएम2.5 लेवल 454.5 था। यह 2022 में 168, 2023 में 319.7 और 2024 में 220 दर्ज किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ, दिल्ली-एनसीआर में दीवाली में पूरी रात आतिशबाजी हुई। इसके कारण मंगलवार सुबह दिल्ली-एनसीआर की हवा जहरीली हो गई। सीपीसीबी के मुताबिक, द्वारका में एयर क्वालिटी इंडेक्स 417 पहुंच गया। अशोक विहार में 404, वजीरपुर में 423 और आनंद विहार में 404 एक्यूआई रहा।

इधर, दिल्ली की भाजपा सरकार में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पंजाब सरकार को प्रदूषण बढ़ने का जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पंजाब में पराली जलाने के वीडियो दिखाते हुए कहा- पंजाब की, क्र सरकार ने किसानों को खेतों में पराली जलाने के लिए मजबूर किया, जिससे दिल्ली की हवा खराब हुई। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 15 अक्टूबर को दिल्ली-इंहक्रमें 18 से 21 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखे बेचने और फोड़ने की इजाजत दी थी। कोर्ट ने कहा था कि इस दौरान, लोग सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात में 8 बजे से 10 बजे तक, यानी कुल तीन घंटे ही ग्रीन पटाखे फोड़ सकेंगे। हालांकि, दिल्ली-इंहक्र में दीवाली पर लोगों ने देर रात तक पटाखे फोड़े।

वहीं, हरियाणा में सोमवार रात 12 तक 15 जिलों में एयर क्वालिटी इंडेक्स खतरनाक स्तर यानी 500 तक पहुंच गया था। मंगलवार सुबह रोहतक में एक्यूआई 320, नारनौल में 311, बहादुरगढ़ में 306 रिकॉर्ड किया गया है।

# राजनाथ सिंह बोले- सेना और पुलिस अलग, मिशन एक राष्ट्रीय सुरक्षा

## पुलिस स्मृति दिवस पर दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पहुंचे, शहीदों को श्रद्धांजलि दी

नईदिल्ली | एजेंसी
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर मंगलवार सुबह नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, %मैंने खुद गृह मंत्री के रूप में काम किया है। मुझे पुलिस के कार्यों को करीब से देखने का अवसर मिला है। इसके अलावा, रक्षा मंत्री के रूप में, मुझे सेना की कार्रवाइयों को भी करीब से देखने का अवसर मिला है। उन्होंने आगे कहा- दुश्मन कोई भी हो, चाहे वह सीमा पार से आए या हमारे बीच छिपा हो, भारत की सुरक्षा के लिए खड़ा आदमी एक ही भावना से भरा है। राजनाथ सिंह ने कहा, सेना और पुलिस के मंच अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन उनका मिशन एक ही है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा है।

राजनाथ सिंह ने कहा- आज त्याग को याद करने का दिन है। समाज और पुलिस दोनों एक-दूसरे पर निर्भर हैं। पुलिस बलों के कंधों पर पूरे समाज की जिम्मेदारी है। समाज और पुलिस के बीच संतुलन जरूरी है। इसके लिए नागरिकों की भी उत्तरदायी होना चाहिए। राजनाथ सिंह ने आगे कहा- एक्सटर्नल सिक्योरिटी के लिए भी पुलिस जरूरी है।

# नवी मुंबई में रहवासी बिल्डिंग में आग, 4 की मौत

**मुंबई।** नवी मुंबई की एक रहवासी बिल्डिंग में सोमवार रात को आग लगने से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 6 साल की बच्ची शामिल है। 10 से ज्यादा लोग झुलस गए हैं। अब तक आग लगने की वजह सामने नहीं आई है। रेस्क्यू टीम ने 15 लोगों के सुरक्षित बाहर निकाला। आग वाशी के सेक्टर 14 में रहेजा रेजिडेंसी बिल्डिंग की 10वीं मंजिल के एक फ्लैट से शुरू हुई और तेजी से 11वीं और 12वीं मंजिल तक फैल गई। नवी मुंबई महानगरपालिका के फायर विभाग के बताया की जानकारी मिलते ही वाशी, नेरुल, ऐरोली और कोपरखैराने से कई फायर इंजन मौके पर पहुंचे।

# ट्रम्प को जर्मनी की मानद नागरिकता देने का प्रस्ताव

## हमास की कैद से 8 जर्मन बंधक छुड़ाने का सम्मान; ट्रम्प के दादा जर्मनी में नाई थे

बर्लिन | एजेंसी
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in



**जर्मनी** की दक्षिणपंथी पार्टी आल्टरनेटिव फॉर जर्मनी ने अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प को जर्मन जिले बैड डूर्खाइम की मानद नागरिकता देने का प्रस्ताव रखा है। इस पर 29 अक्टूबर को फैसला होना है। एएफडी के लोकल नेता थॉमस स्टीफन ने कहा कि ट्रम्प ने इजराइल-गाजा विवाद खत्म करने के साथ इजराइली और 8 जर्मन बंधकों को छुड़ाने में मदद की, इसलिए उन्हें यह सम्मान मिलना चाहिए। दरअसल ट्रम्प खुद जर्मन मूल के हैं। उनके दादा फ्रेडरिक ट्रम्प जो कि पेशे से नाई थे, 140 साल पहले जर्मनी से अमेरिका आए थे।

**डिस्ट्रिक्ट काउंसिल में प्रस्ताव रखा गया**

एएफडी ने डिस्ट्रिक्ट काउंसिल के सामने यह प्रस्ताव रखा है। डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटर हेंस-उलरिच ने कहा कि मानद नागरिकता देने से पहले इसके नियमों पर अच्छे से चर्चा होनी चाहिए। उनका कहना है कि जर्मनी में मानद नागरिकता उन लोगों को दी जाती है, जिन्होंने कुछ खास काम किया हो, लेकिन ट्रम्प को यह सम्मान देना विवादास्पद हो सकता है। कई लोगों को लगता है कि यह प्रस्ताव बस दिखावटी है और शायद पास न हो। फिर भी, ट्रम्प का इस क्षेत्र से पुराना रिश्ता और उनके काम की वजह से यह चर्चा में है।

**ट्रम्प ने दादा ने 16 साल की उम्र में जर्मनी छोड़ दिया था**

डोनाल्ड ट्रम्प के दादा फ्रेडरिक जर्मनी के छोटे से गांव काल्स्टाट के रहने वाले थे। ग्वेंडा ब्लेयर की किताब द ट्रम्प्सः श्री जेनेरेशन्स दैट बिल्ट एन एम्पायर बताती है कि फ्रेडरिक का बचपन बड़ा मुश्किल था।

# जयराम रमेश बोले-ट्रम्प ने भारतीय विदेश मंत्रालय को नजरअंदाज किया

## कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति ने 5 दिन में 3 बार रूसी तेल खरीद का मुद्दा उठाया

नईदिल्ली | एजेंसी
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in



**कांग्रेस** नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दावे पर केंद्र सरकार से सवाल किया। उन्होंने कहा- ट्रम्प ने पिछले 5 दिन में 3 बार भारत के रूस से तेल इम्पोर्ट का मुद्दा उठाया, इसमें कोई शक नहीं कि वे इस हफ्ते बुडापेस्ट में पुतिन से मुलाकात से पहले इस बात को और दोहराएंगे।

उन्होंने कहा- राष्ट्रपति ट्रम्प का कहना है कि उन्होंने अपने अच्छे दोस्त प्रधानमंत्री मोदी से बात की और भारत ने रूस से तेल इम्पोर्ट रोकने का विश्वास दिलिया। भारत के विदेश मंत्रालय ने ऐसी किसी बातचीत की जानकारी होने से इनकार किया है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प ने मंत्रालय की इस बात को नकार दिया। दरअसल, 15 अक्टूबर को ट्रम्प ने दावा किया था कि उनकी पीएम मोदी से फोन पर बात हुई। इसमें पीएम मोदी ने ट्रम्प को आश्वासन दिया कि भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा।

15 अक्टूबर ट्रम्प ने कहा मैंने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। उन्होंने मुझे आश्वासन दिया कि भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा, यह एक बड़ा कदम है।

17 अक्टूबरः भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा, वे पहले 38% खरीदते थे और अब 'पुलिंग बैक' कर रहे हैं।

19 अक्टूबरः मैंने प्रधानमंत्री मोदी से बात की और उन्होंने कहा कि वे रूस से तेल नहीं खरीदेंगे। अगर वे ऐसा कहना चाहें कि नहीं की बात हुई, तो उन्हें भारी टैरिफ चुकाना होगा।

महागठबंधन में खींचतान; 243 सीटों पर 254 प्रत्याशी उतारे, 12 जगह एक-दूसरे के खिलाफ लड़

# बिहार में पहली बार इंडिया-एनडीए का सीएम फेस नहीं

पटना | एजेंसी
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

**बिहार** विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी फेज के लिए नॉमिनेशन की प्रक्रिया सोमवार को खत्म हो गई। चुनाव आयोग के मुताबिक, पहले फेज के चुनाव के लिए कुल 1,314 उम्मीदवार मैदान में हैं। 300 से अधिक प्रत्याशियों के पर्चे खारिज हो गए। 61 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए। 243 सदस्यीय विधानसभा की 121 सीटों पर 6 नवंबर और दूसरे फेज की 122 सीटों के लिए 11 नवंबर को मतदान होना है। दूसरे फेज के प्रत्याशियों की स्थिति 23 अक्टूबर तक साफ होगी।



**इंडिया गठबंधन में खींचतान, आरजेडी ने आखिरी दिन लिस्ट जारी की:** दूसरे फेज के आखिरी दिन तक इंडिया गठबंधन में फूट, टिकट बंटवारे पर नाराजगी और अंदरूनी बगावत दिखी। आरजेडी ने तो नॉमिनेशन का समय खत्म होने से 7 घंटे पहले, पहली बार 143 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की। इससे पहले उसके प्रत्याशी नॉमिनेशन भरते रहे। 243 सीटों पर 254 प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं। यह विकासशील इंसान पार्टी की वजह से हुआ है। आरजेडी ने 143, कांग्रेस ने 61, सीपीआई (एम) ने 20, सीपीआई ने 9, सीपीएम ने 6 और मुकेश सहनी की पार्टी ने 15 प्रत्याशी हैं। इस तरह इनकी संख्या 254 हो जाती है। 12 प्रत्याशी एक दूसरे के खिलाफ उतारे हैं। बिहार चुनाव में ऐसा पहली बार हुआ है कि एनडीए और इंडिया गठबंधन ने टिकट बंटवारे को लेकर कोई ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की।

### मुख्य बातें

- आरजेडी इस बार भी सबसे ज्यादा सीटों पर लड़ रही है, लेकिन कांग्रेस और वामपंथी दलों के साथ शीट शेयरिंग पर तनातनी दिखी।
- कांग्रेस को पिछली बार मिली 66 में से सिर्फ 19 सीटें मिली थीं। इसलिए इस बार उन्हें 61 पर सीमित कर दिया गया।
- सीपीआई(एमएल) ने पिछली बार शानदार प्रदर्शन किया (19 में से 12 सीटें), इस बार 20 सीटें मिलीं।
- विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) जो पिछली बार एनडीए में थी, इस बार इंडिया के साथ है। वीआईपी ने जिन 15 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान किया है, उनमें से 2 सीटें ऐसी हैं, जिन पर आरजेडी ने भी अपने प्रत्याशी उतारे हैं।

## संपादकीय

# शेयर बाजार में सपाट प्रदर्शन, घरेलू निवेशकों का उत्साह बरकरार

पिछली दीवाली से अब तक शेयर बाजार अपेक्षाकृत सपाट स्तर पर रहा. निफ्टी और सेंसेक्स को 5.6 फीसदी की मामूली वृद्धि हासिल हुई जबकि व्यापक एनएसई 500 करीब 3.7 फीसदी ही ऊपर है. मिडकैप्स 250 में 4.5 फीसदी की तेजी आई जबकि स्मॉलकैप्स 250 में 2.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई. इक्विटी से होने वाले रिटर्न मुद्रास्फीति को समायोजित करने के बाद मामूली रूप से ही धनात्मक रहेंगे. यह उन चरणों में से एक है जहां जोखिम रहित साधन मसलन सरकारी प्रतिभूतियों ने शेयर बाजार की तुलना में बेहतर रिटर्न दिया है. पिछले एक साल में आर्थिक अनिश्चितता और भूराजनीतिक तनाव का बोलबाला रहा है. भारत जहां अभी भी सबसे तेज गति से विकसित होती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है वहीं प्रतिकूल माहौल भी साफ नजर आ रहा है. हालांकि पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि में उल्लेखनीय तेजी आई लेकिन पूरे वित्त वर्ष के अनुमानों में सतर्कता बरती गई है.



म्युचुअल फंड्स ने इस अवधि में शेयरों में 4.5 लाख करोड़ रुपये की राशि का निवेश किया. अक्टूबर 2024 से सितंबर 2025 के बीच 85 प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम( आईपीओ) के जरिये 1.7 लाख करोड़ रुपये की राशि जुटाई गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में 88 आईपीओ से 90,436 करोड़ रुपये की राशि जुटाई गई थी. हालांकि पिछले 12 महीनों में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने लगातार बिकवाली की है और भारतीय शेयर बाजार से लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये की राशि निकाल ली है.

यूक्रेन युद्ध अभी भी जारी है और गाजा में हालिया युद्ध विराम के बावजूद पश्चिम एशिया में शांति स्थापना नहीं हुई है. इसके अलावा अमेरिका द्वारा थोपी गई उच्च शुल्क व्यवस्था, आव्रजन पर सख्त नियंत्रण और महंगे वर्क वीजा ने भी वैश्विक व्यापार के रुझानों में उल्लेखनीय अनिश्चितता पैदा की है.

सेवा निर्यात सहित भारत का निर्यात आंशिक तौर पर प्रभावित भी हुआ क्योंकि ट्रंप प्रशासन ने दंडात्मक शुल्क लगाए हैं. यूरोपीय संघ, अमेरिका, ब्रिटेन और जापान धीमी वृद्धि और उच्च मुद्रास्फीति से गुजर रहे हैं.

चीन ने वृद्धि को गति देने के लिए कई प्रोत्साहन पैकेज प्रस्तुत किए हैं. अधिकांश बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में धीमी आर्थिक वृद्धि और ऊर्जा तथा औद्योगिक धातुओं की भारी आपूर्ति की वजह से सामान्य तौर पर जिंस कीमतों में कमी आनी चाहिए थी लेकिन आपूर्ति बाधित होने की आशंकाओं और अमेरिकी शुल्कों के कारण आपूर्ति श्रृंखला के बाधित होने के चलते कीमतों और मुद्रा में उतार-चढ़ाव के हालात हैं. मुद्रास्फीति ट्रंप के शुल्क बढ़ाने के बिना जितने स्तर पर होती, उससे कहीं अधिक ऊंचे स्तर पर है. डॉलर अधिकांश मुद्राओं की तुलना में कमजोर है. परंतु रुपया अमेरिकी डॉलर से काफी कमजोर है. पिछली दीवाली के समय रुपया डॉलर के मुकाबले 84 रुपये के स्तर पर था जो अब फिसलकर 88.87 रुपये पर आ गया है. परिसंपत्ति वर्ग की बात करें तो पिछले एक वर्ष में कीमती धातुओं मसलन प्लेटिनम, चांदी और सोने का रिटर्न शानदार रहा. इन सभी ने 50 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया. बहरहाल इक्विटी रिटर्न की कमी के बावजूद घरेलू निवेशकों के उत्साह में कमी नहीं आई. आम परिवारों ने म्युचुअल फंड के अलावा सीधे शेयरों में निवेश करना जारी रखा. प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों की बात करें तो ओपन एंडेड फंड्स की संपत्ति सितंबर 2024 के 66.8 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर सितंबर 2025 में 75.4 लाख करोड़ रुपये हो गई.

# अपनी सामर्थ्य को पहचानने का है यह पर्व

दीपावली हमें भीतर झांकने और स्वयं को पहचानने का संदेश दे रही है इस साल दीपावली का पर्व देश के लिए इस अर्थ में विशेष है कि वह हमें स्वयं की पहचान के लिए आमंत्रित कर रहा है. इसका तकाजा है कि हम भ्रमों के आवरण से मुक्त होकर प्रकाश का वरण करें. राह में आते तिमिर को दूर करने के लिए प्रकाश का यह पर्व हमें स्वयं को जगा कर ज्योति का वाहक बनने के लिए प्रेरित करता है. अपनी शक्ति को पहचानना ही वह आधार है, जो आज की वैश्विक अस्थिरता और उथल-पुथल वाले अनिश्चय के वातावरण में हमें सहारा दे सकेगा.

आज के जटिल होते परिवेश में इसे सुखद आश्चर्य ही कहेंगे कि तमाम विघ्न बाधाओं को पार करते हुए भारत धन-धान्य की दृष्टि से अनेक देशों की तुलना में और स्वयं अपने पिछली उपलब्धियों की तुलना में उल्लेखनीय रूप से संतोषजनक स्थिति में है. भारत की आर्थिक उन्नति निरंतर प्रगति दर्ज कर रही है. विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर कर भारत ने विश्व को गंभीर संदेश दिए हैं.

घरेलू मांग में बढ़त और आर्थिक नीतियों में महत्वपूर्ण सुधार जैसे कदम भारत को वैश्विक पूंजी प्रवाह का एक प्रमुख केंद्र बना रहे हैं. महंगाई में कमी, रोजगार के अवसरों में वृद्धि और ग्राहकों के उत्साह के साथ बाजार के मजबूत होने के लक्षण दिख रहे हैं. भविष्य में जीडीपी में वृद्धि की पूरी संभावना है. आर्थिक दुनिया में अन्य



देशों के साथ आयात-निर्यात के लिए चुनौतियों का दौर चल रहा है. इससे निपटने के लिए विश्व में नए बाजार तलाशे जा रहे हैं और कई देशों के साथ नए समीकरण भी बन रहे हैं.

अनुमान है कि हमारी अर्थव्यवस्था वर्ष 2030 तक 7.3 ट्रिलियन जीडीपी के साथ विश्व में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी. इसके साथ ही जनसंख्या में युवा लोगों की बड़े अनुपात में उपस्थिति विकास के अवसर के संकेत उपलब्ध करा रही है. परिवर्तन की बयार लोगों की क्रय-शक्ति में वृद्धि, आधारभूत संरचना में सुधार और खाद्य उत्पादन में बढ़ोतरी में झलक रही है. देश की सीमाओं के निकट सामरिक हलचलों पर भी काफी हद तक काबू पाया गया है. सैन्य बल की क्षमता आतंकी शत्रु को परास्त करने और उसके ठिकानों को ध्वस्त करने में सफल रही है. ज्ञान–विज्ञान और खेलकूद के क्षेत्र में भी उपलब्धि रेखांकित हुई है.

यह दृश्य आम भारतीय को उत्साहित और प्रोत्साहित करता है. तेजी से बदल रहे वैश्विक परिदृश्य में हम ऐसा बहुत कुछ होते भी देख रहे हैं, जो विश्व की मानवता के हित में नहीं है. वह हमें सावधान तथा सचेत रहने के लिए प्रेरित करता है. इस वैश्विक बदलाव का एक प्रमुख संकेत यह है कि दूसरे देश से उधार लेने या खरीदने की जगह देश को स्वयं अपने ही संसाधनों को विकसित करना होगा. स्वदेशी को अपनाना और आत्मनिर्भर होना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए. दूसरे शब्दों में हमें 'स्वदेशी' सोच और व्यवस्था को पहचान कर उसे अमल में लाना होगा.

आज जब आत्मनिर्भर देश की संकल्पना की जा रही है तो हमें अपने भीतर झांकने और स्वयं को पहचानने की जरूरत है. आत्मान्वेषण और आत्मानुभव की यह अनिवार्य अपेक्षा होती है कि समय-समय अपनी जांच-परख करते रहा जाय. इसके लिए हमें भारत की विविधता भरी ज्ञान और संस्कृति की अपनी विरासत को स्वीकार कर अनुभव का हिस्सा बनाना होगा. हमारी परंपरा उन्मुक्त और उदार भाव से जीवन जीने का अवसर देती है.

यहां के उत्सव मूल रूप से प्रकृति केंद्रित और समग्र जीवन को समर्थ बनाने की दृष्टि से आयोजित किए जाते हैं. यहां के मनुष्य को सृष्टि की लय की बड़ी चिंता रही है. उसे ऋतुओं का संगीत मुग्ध करता रहा है. यह पूरा जगत उसे देव का काव्य लगा था या फिर ईश्वर का आवास. अपने आत्म के विस्तार के साथ सृष्टि के साथ संगति बिठाना ही श्रेयस्कर होता है.

# मतदान से पहले उलझ रहे राजनीतिक समीकरण



बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखें नजदीक आते ही राजनीतिक समीकरण उलझते जा रहे हैं. एक तरफ जहां महागठबंधन के नेता सीटों के बंटवारे पर सहमति नहीं बना पा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ NDA ने सीटों के बंटवारे की घोषणा तो कर दी है, लेकिन मुख्यमंत्री कौन होगा, इस सवाल पर फंसा हुआ है. इस उलझन ने चुनाव को और भी दिलचस्प बना दिया है.

चुनाव से काफी पहले से ही बिहार में दो मुख्य राजनीतिक खेमे साफ थे. लेकिन जैसे-जैसे चुनाव की तारीखें करीब आईं, मामला पेचीदा होता चला गया. महागठबंधन के नेता, जो चुनाव से पहले एक साथ वोटर अधिकार यात्रा निकाल रहे थे, अब सीटों के बंटवारे पर एकमत नहीं हो पा रहे हैं. दूसरी तरफ, NDA ने सीटों के बंटवारे की घोषणा में बाजी मार ली, लेकिन मुख्यमंत्री के सवाल पर ऐसा फंस गया कि गठबंधन की जमीनी हकीकत पर ही सवाल उठने लगे हैं.<नहीं बनी सहमति : महागठबंधन में नेताओं के बीच चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले तो काफी मेलजोल दिखता था. लेकिन सीट बंटवारे की बातचीत शुरू होते ही उनके लिए एक नतीजे पर पहुंचना मुश्किल हो गया. बार-बार सीट बंटवारे की घोषणा का समय आगे खिसकाया गया. पहले नामांकन की आखिरी तारीख बीत गई, फिर नामांकन वापसी की आखिरी तारीख भी निकल गई, और सहमति बनने की उम्मीद अधूरी रह गई. कम से कम पहले चरण के चुनाव के लिए तो यही कहानी रही.

मुख्यमंत्री का सवाल : दिलचस्प बात यह है कि चुनाव के बाद मुख्यमंत्री कौन बनेगा, यह सवाल दोनों ही खेमों को परेशान कर रहा है. महागठबंधन में RJD की जिद के बावजूद कांग्रेस अभी तक CM फेस घोषित करने पर राजी नहीं हुई है. इस गठबंधन में CPI (ML) भी एक अहम सहयोगी है. उसने भी आधिकारिक तौर पर RJD नेता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा बताने से मना कर दिया है, लेकिन वह उनके नाम का समर्थन जरूर कर रही है. दूसरी तरफ NDA में, पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने और फिर LJP नेता चिराग पासवान ने यह बात दोहराई कि चुनाव के नतीजे आने के बाद विधायक मुख्यमंत्री तय करेंगे. इसके बाद JDU प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री तो नीतीश कुमार ही होंगे.

अंतर्विरोध का असरः फिलहाल महागठबंधन में अंतर्विरोध सिर्फ कुछ सीटों तक सीमित दिख सकते हैं, जहां 'फ्रेंडली फाइट' यानी आपसी सहमति से चुनाव लड़ने की बात हो सकती है. वहीं NDA में, पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए LJP और JDU लगभग हर सीट पर एक-दूसरे के खिलाफ तलवारें ताने दिख सकते हैं. यह देखना भी दिलचस्प होगा कि BJP और JDU, अपना मुख्यमंत्री बनवाने की चाहत में, एक-दूसरे की सीटें किस हद तक बढ़ने देना चाहेंगे.


# संवाद की जगह थप्पड़, दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रा का 'दुस्साहस' गुरु-शिष्य मर्यादा पर सवाल




किसी भी विवाद का हल संवाद के सहारे और मिल-बैठ कर निकाला जा सकता है. मगर दिल्ली विश्वविद्यालय के भीमराव आंबेडकर कालेज में जो हुआ, उसे किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता. गौरतलब है कि कालेज की अनुशासन समिति की बैठक में छात्र संघ की एक पदाधिकारी ने सार्वजनिक रूप से शिक्षक से दुर्व्यवहार किया. सवाल है कि पुलिस की उपस्थिति में छात्रा के भीतर यह दुस्साहस कहां से आया कि उसने समस्या पर संवाद करने के बजाय प्रोफेसर पर थप्पड़ चला दिया. इसके बाद स्वाभाविक ही दिल्ली विश्वविद्यालय को जांच समिति बनानी पड़ी और कालेज की ओर से भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई. छात्र संघ की पदाधिकारी के रूप में छात्रा अगर विद्यार्थियों की समस्याएं लेकर कालेज में गई थी, तो क्या उसका समाधान किसी से दुर्व्यवहार करना हो सकता है? ऐसा करने वाली छात्रा को क्या यह ध्यान रखने की जरूरत नहीं थी कि वह एक विद्यार्थी के साथ-साथ छात्र संगठन में अहम दायित्व निभा रही है? उसे इस बात का अहसास क्यों नहीं हुआ कि उसका यह व्यवहार उसे हर तरह से कठघरे में खड़ा करता है. अगर उसके पास कोई समस्या या शिकायत थी, तो वह मामले को उच्च स्तर पर उठा सकती थी. शिक्षक पर हाथ उठा कर उसने न केवल कानून की परवाह नहीं की, बल्कि गुरु-शिष्य मर्यादा का भी उल्लंघन किया. बहरहाल, मामले के तूल पकड़ने के बाद छात्रा ने माना कि उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था. सवाल है कि अपनी भूमिका के प्रति वह इतनी लापरवाह कैसे हो गई. आरोप-प्रत्यारोप में जो बातें कही गईं, उसकी सच्चाई जांच के बाद ही सामने आएगी. मगर इस हकीकत को दरकिनार नहीं किया सकता कि संबंधित शिक्षक कालेज की अनुशासन समिति के संयोजक होने के नाते छात्रों की समस्याओं का हल निकालने ही बैठे थे. कालेज परिसर में ऐसी घटना बताती है कि शिक्षकों के प्रति सम्मान और विश्वास की कितनी कमी होती जा रही है. वहीं नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करने और भविष्य में नेतृत्व देने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों को अपने व्यवहार को विवेक के साथ संयमित रखना चाहिए और खासतौर पर किसी समस्या के समय अपनी परिपक्वता का परिचय देना चाहिए.

# राशिफल





■ **मेष**: आज मेष राशि के जातक आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे और आज कुछ अलग कर सकते हैं. हालांकि आपके खर्चे बढ़ेंगे, लेकिन आपकी इनकम में भी वृद्धि होगी. माता-पिता की सेहत में सुधार होगा. ऑफिस में आपकी जिम्मेदारियां बढ़ने की संभावना है.जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे.

■ **वृषभ**: आज आपके जीवन में कई खुशनुमा पल आएंगे. बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा. आर्थिक लाभ की संभावना है. इमोशनल रूप से आप परेशान हो सकते हैं, जीवनसाथी के साथ समय बिताएं. अटके हुए काम पूर्ण हो सकते हैं. व्यावसायिक सफलता मिल सकती

■ **मिथुन**: आज आपको अपने मूड में बदलाव करने की जरूरत है. किसी करीबी व्यक्ति के साथ वाद-विवाद हो सकता है, इसलिए शांत रहें. रोमांस रोमांचक रहेगा. शादीशुदा जातक ऑफिस रोमांस से बचें, वरना रंगे हाथ पकड़े जा सकते हैं. आप आज अपने जीवनसाथी के साथ अपने जीवन का सबसे अच्छा दिन बिताएंगे.

■ **कर्क**: आज आपको धन कमाने के अवसर प्राप्त होंगे. जीवनसाथी के साथ अनबन हो सकती है लेकिन शाम तक सब अच्छा हो जाएगा. ऑफिस में आपको अपनी क्रिएटिविटी दिखाने का मौका मिलेगा. यात्रा में लाभ हो सकता है. कार्यस्थल पर किसी सीनियर का सहयोग आपको महत्वपूर्ण टास्क में सफलता दिला सकता है.

■ **सिंह**: आज आपकी सेहत अच्छी रहेगी. धन के मामले में सतर्कता बरतने की जरूरत है. आज कोई करीबी आपसे उधार मांग सकता है, जिससे आपको आर्थिक तंगी का भी सामना करना पड़ सकता है. यात्रा को फिलहाल के लिए टाल दें. जीवनसाथी के साथ एक शानदार दिन गुजारेंगे. व्यापारिक स्थिति अच्छी होगी.

■ **कन्या**: आज आपको अपनी फीलिंग्स पर कंट्रोल रखने की जरूरत है. परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताएं, मन प्रसन्न रहेगा. कारोबारियों को आज अच्छी खबर मिल सकती है. कड़ी मेहनत आज रंग लाएगी और नौकरी करने वाले जातकों को मनमुताबिक परिणाम मिलेंगे.

■ **तुला**: आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आपकी करिअर में उन्नति हो सकती है. परिवार की समस्याओं को सुलझाने के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है. आप अपने लक्ष्यों की ओर शांति से आगे बढ़ेंगे और सफलता हासिल करेंगे। वैवाहिक जीवन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं.

■ **वृश्चिक**: आज आपको मानसिक परेशानी से छुटकारा मिलेगा. निवेश से दूर रहें. प्यार में निराशा आपको परेशान नहीं करेगी. आज खर्चों के कारण आपके जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते में खटास आ सकती है.

■ **धनु**: आज आपको अपनी पर्सनल व प्रोफेशनल परेशानियों का समाधान मिलेगा. आप बचत करना शुरू कर सकते हैं, जिससे भविष्य में आर्थिक स्थिरता प्राप्त होगी. ऑफिस में अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन मिलेगा. दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे. वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा.

■ **मकर**: आज आपको परिवार के साथ समय बिताकर अपने मूड में बदलाव करने की जरूरत है. सिंगल जातकों का सामना किसी सच्चे इंसान से हो सकता है. अपनों का साथ मिलेगा. जीवन में सुख-समृद्धि के आने से मन प्रसन्न रहेगा.

■ **कुंभ**: आज ऑफिस में आपकी ग्रोथ में अड़चनें आ सकती हैं. आपको अपने धन निवेश और बचत के बारे में अपने परिवार के सदस्यों से बात करने की जरूरत है. किसी भी तरह की जल्दबाजी से बचें, वरना नुकसान हो सकता है.

■ **मीन**: आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है. जीवनसाथी के साथ एक यादगार शाम बिताएंगे. व्यापार में मुनाफा होगा. नौकरी करने वाले जातकों को अच्छे अवसरों की प्राप्ति हो सकती है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 474

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | | 5 |
| | ■ | | ■ | 6 | | ■ | | ■ | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | 10 | ■ |
| 11 | | ■ | 12 | 13 | | ■ | 14 | | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | ■ | | ■ |
| 17 | | | ■ | 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 |
| | ■ | 22 | 23 | ■ | 24 | | 25 | ■ | |
| ■ | 26 | | | ■ | | ■ | 27 | | |
| 28 | | ■ | ■ | 29 | | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | 30 | | ■ | 31 | | | |

**बायें से दायें:-**

1. 'तू मिले दिल खिले और' गीत वाली नागार्जुन, रमैया, मनीषा की फिल्म-4
3. राजकपूर, माला की 'आँसू भरी हैं ये जीवन की राहें' गीत वाली फिल्म-5
6. 'केसरिया बालम' गीत वाली श्रेयस तलपदे, आयशा टाकिया की फिल्म-2
7. शाहरूख, माधुरी की 'अठरा बरस की कँवारी कली थी' गीत वाली फिल्म-3
9. 'वो चाँद जैसी' गीत वाली शाहरूख खान, माधुरी, ऐश्वर्या की फिल्म-4
11. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-2
12. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-3
14. संजय दत्त, फरहा की 'मेरा प्यार तेरे जीवन के संग' गीत वाली फिल्म-3
15. विनोद मेहरा, बिंदिया की फिल्म-3
17. हिमालय, भाग्यश्री की 'तेरा ही प्यार मेरे इस दिल में' गीत वाली फिल्म-3
18. फिल्म 'कभी कभी' में ऋषि की नायिका कौन थी-3
20. अनिल, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की 'इश्क बिना क्या' गीतवाली फिल्म-2
22. दिलीप कुमार, रेखा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-2
24. अमिताभ, रेखा की 'कोई गाता मैं सो जात' गीत वाली फिल्म-3
26. 'बागां मां जब मोर बोले' गीत वाली अक्षयकुमार, करीना की फिल्म-3
27. विनोद खन्ना, हेमा की अरूणा राजे द्वारा निर्मित एवं निर्देशित फिल्म-3
28. 'क्यूं मेरा दिल तुझको' गीत वाली करण नाथ, मनीषा की फिल्म-2
29. नसीर, ओमपुरी, स्मिता की 'शमशीर बजे ना' गीत वाली फिल्म-2
30. 'बंधन' में सलमान का नाम ?-2
31. फिल्म 'काफी हाउस' में शम्मी कपूर की नायिका ?-2,2

**ऊपर से नीचे:-**

1. 'दिल ना दिया' गीत वाली फिल्म-2
2. विनोद खन्ना, बिंदू की फिल्म-3
3. 'दो दिल मिल रहे' गीत वाली फिल्म-4
4. विनोद मेहरा, रीना राय की फिल्म-4
5. 'आप से प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-2
7. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-2
8. देव आनंद, आशा पारेख की 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली फिल्म-3
10. 'बड़ी दूर से आये हैं प्यार' गीत वाली अनिल घवन, योगिता की फिल्म-4
11. देव आनंद, मधुबाला की 'उन के खयाल आए तो' गीत वाली फिल्म-2,2
13. 'जब लिया हाथ में हाथ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, गीताबाली की फिल्म-3
15. जयराज, निरूपा की 'ना किसी की आँख का नूर हूँ' गीत वाली फिल्म-2,2
16. फिल्म 'शिवा' में नागार्जुन के साथ नायिका कौन थी-3
19. 'लेके पहला पहला प्यार गीत वाली फिल्म-1,2,1
21. मिथुन, आदित्य, डिम्पल, मंदाकिनी की फिल्म-3
23. अनिल घवन, रश्मि वर्मा, सोनिका गिल की एक सस्पेंस फिल्म-2
25. 'पियू बोले जिया' गीत वाली फिल्म-4
26. बिस्वजीत, माला की 'अजी हो ताश के बावन पत्ते' गीत वाली फिल्म-3
29. 'चालबाज' में श्रीदेवी के एक किरदार का नाम अंजू था दूसरे किरदार का नाम ?-2

**फिल्म वर्ग पहेली- 473 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बा | बु | ल | ■ | आ | का | श | ■ | यु | द्ध |
| रि | ■ | गा | य | ब | ■ | र्मी | ■ | गां | ■ |
| श | गु | न | ■ | रु | दा | ली | ■ | ध | र्म |
| ■ | प्र | ■ | फू | ■ | ग | ■ | डो | र | ■ |
| गु | ■ | दि | ल | से | ■ | मि | ली | ■ | भा |
| म | शा | ल | ■ | ह | म | ■ | ■ | जं | ग |
| रा | ■ | ज | य | रा | ज | ■ | माँ | ■ | म |
| ह | म | ला | ■ | ■ | बू | म | ■ | र | भा |
| ■ | ह | ■ | स | फ | र | ■ | दे | ■ | ग |
| य | ल | गा | र | ■ | ■ | बे | व | फा | ■ |

■ मंगल सैणचा, बेंगलोर

# दिवाली की धूम में वडा-पाव 'मायूस'!



दिवाली में मिठाइयों की डिमांड और छुट्टियों में लोगों के अपने होमटाउन लौटने की वजह से वडा-पाव की बिक्री १५ से २५ फीसदी कम हो गई है. वडा-पाव बेचने वाले दुकानदारों का मानना है कि छुट्टियां खत्म होने तक बिजनेस मंदा ही रहेगा. बता दें कि दिवाली में लोग तीखे-मसालेदार चुरमुरे-पोहे, चिवड़ा, जोड़ाला शेव, करंजी, अनानास, शंकरपाले, और बेसन-रवा-बूंदी लड्डुओं से सजी स्नैक प्लेट उन कॉलेज के बच्चों को अट्रैक्ट कर रही है, जो छुट्टियों में घर पर हैं और अपने होमटाउन गए हैं. ऐसे में वडा-पाव विक्रेता उनके वापस लौटने की राह देख रहे हैं. बता दें कि स्कूल और कॉलेज १५ अक्टूबर से दिवाली की छुट्टियों के लिए बंद हैं. छुट्टियों का समय करीब १५ से २० दिन का होता है और ५ नवंबर के बाद कॉलेज के स्टूडेंट्स के पहले सेमेस्टर के एग्जाम शुरू हो रहे हैं. एग्जाम दिसंबर के आखिर तक होने हैं. छुट्टियां खत्म होने के एक हफ्ते बाद बढेंगी मांग छुट्टियां खत्म होते ही, घर से लौटने वाले बच्चे ऐसे स्नैक्स और डेजर्ट लाते हैं, जो कम से कम एक हफ्ते तक चलेंगे. लोकल विक्रेताओं का कहना है कि घर के उन स्नैक्स के खत्म होने के बाद ही बच्चे वडा-पाव की ओर लौटते हैं.

# अपराध रोकने के नाम पर निर्दोषों को सजा



कानून के शासन की यह प्राथमिक जवाबदेही रही है कि अपराध पर नियंत्रण के लिए सभी स्तर पर यथोचित कदम उठाए जाने चाहिए. इसी के समांतर यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि महज आशंका के आधार पर कानून का सहारा लेकर किसी निर्दोष को परेशान करने पर सख्ती से रोक लगे. मगर ऐसे मामले अक्सर सामने आते हैं, जिसमें पुलिस सिर्फ आरोप या शक के आधार पर भी किसी को कानून के कठघरे में खड़ा कर देती है. इसके बाद शुरू होती है अदालती सुनवाई की एक लंबी और जटिल प्रक्रिया, जिसके संजाल से निकलना कई बार लोगों के लिए बेहद मुश्किल होता है. गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में ईसाई मत में 'सामूहिक धर्म परिवर्तन' का आरोप लगा कर कानून के कठघरे में खड़ा किए गए लोगों के खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकियों को रद्द कर दिया. अदालत ने साफ कहा कि आपराधिक कानून निर्दोष लोगों को परेशान करने का साधन नहीं हो सकता. दरअसल, फतेहपुर में एक विश्वविद्यालय के कुलपति सहित कई अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी में धर्मांतरण कराने का आरोप लगाया गया था. मगर अदालत ने पाया कि प्राथमिकी में कानूनी और प्रक्रियागत खामियां थीं और विश्वसनीय सामग्री का अभाव था.

# जैन बोर्डिंग हाउस भूमि विवाद पर सियासत गर्म



महायुति सरकार के राज में तमाम जमीन को बिल्डरों की झोली में डाला जा रहा है. अब पुणे में जैन बोर्डिंग हाउस की जमीन की कथित अवैध बिक्री को लेकर राजनीतिक माहौल गर्म है. इस मामले में आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है. जैन बोर्डिंग हाउस की जमीन गोखले कंस्ट्रक्शन कंपनी को बेची गई थी और आरोप लगाया गया कि सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल की इसमें भागीदारी है. हालांकि, भाजपा की ओर से कहा गया है कि मोहोल और गोखले कंपनी का कोई संबंध नहीं है और इस बात के कागजी प्रमाण भी प्रस्तुत किए गए हैं. 'सौदे से कोई संबंध नहीं' अपने ऊपर लगे आरोपों के बाद अब मुरलीधर मोहोल ने मीडिया से बात करते हुए सफाई दी और कहा कि इस सौदे से उनका कोई संबंध नहीं है. उन्होंने सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया. भूमि की अवैध बिक्री मामले में फंसे भाजपा नेता! शिंदे गुट के पूर्व विधायक ने सोशल मीडिया पर खोला काला चिट्ठा केंद्रीय राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल भूमि विवाद में फंस गए हैं. उनके ऊपर जैन बोर्डिंग हाउस की जमीन की अवैध बिक्री में शामिल होने का आरोप लगा है. पूर्व विधायक व शिंदे गुट के नेता रवींद्र धंगेकर ने सोशल मीडिया पर इससे जुड़े मामले को साझा किया है. धंगेकर ने केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोल को निशाने पर लिया है. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि युवा कांग्रेस ने इस घोटाले का पर्दाफाश किया है और इस सौदे में केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोल का सीधा संबंध सामने आया है. सपकाल ने आरोप लगाया कि इस जमीन के सौदे में धर्मादाय आयुक्त कार्यालय से तत्काल अनुमति दी गई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि धर्मादाय आयुक्त और मुख्यमंत्री के बीच गहरे संबंध हैं. इसके अलावा, बैंक ने भी सिर्फ एक ही दिन में ऋण स्वीकृत कर दिया, जो इस लेन-देन की संदिग्ध प्रकृति को साबित करता है. मुरलीधर मोहोल भ्रष्ट तरीकों से धन कमाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन पुणे की इस जमीन का सौदा रद्द होना चाहिए. इसी बीच इस मामले पर सांसद सुप्रिया सुले ने भी प्रतिक्रिया दी है.

राष्ट्रबाण
सिवनी, बुधवार 22 अक्टूबर 2025

# बैतूल राष्ट्रबाण

● मुलताई ● बैतूल बाजार ● आमला ● भैंसादंड ● सारणी ● बोरदई ● आठनेर

# नगर पालिका लेखापाल ने बिना ऑडिट के कर दिया भुगतान

## असंभव को भी संभव करने की दक्षता रखते हैं नगर पालिका परिषद सारनी के अधिकारी

राष्ट्रबाण सारणी | संवाददाता
rashtrabaan.in




**जिले** की सबसे बड़ी नगर पालिका परिषद सारनी में एक नया मामला सुर्खियां बटोरता दिखाई दे रहा है हालांकि सारनी नगर पालिका का विवादों से पुराना नाता रहा है। ताजा विवाद बिना ऑडिट के भुगतान को लेकर हो रहा है। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा दिपावली पर्व पर करोड़ों का भुगतान ठेकेदारों को किया गया,वहीं दिपावली के एक दिवस पूर्व नगर पालिका के लेखपाल द्वारा बिना ऑडिट की हुई फाइलों का भुगतान होना संपूर्ण क्षेत्र के ठेकेदारों के बीच में जन चर्चा का विषय बना हुआ है।

जनचर्चा है की नगर पालिका सारनी के पूर्व पार्षद एवं बगडोना के मंडल महामंत्री के संरक्षण में सारनी नगर पालिका में कार्य करने वाली कंपनी गजानन सिक्योरिटी एवं गणपति ट्रेडर्स को सामग्री आपूर्ती एवं अन्य फर्म को लाखो का भुगतान बिना ऑडिट के किया गया अब यह मामला मुख्य नगर पालिका अधिकारी,नगर पालिका अध्यक्ष,उपाध्यक्ष सहित सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई पार्षदों के संज्ञान में आया है। बिना ऑडिट के भुगतान होने की जानकारी मिलने के बाद पार्षद प्रतिपक्ष नेता कलेक्टर से शिकायत करने की तैयारी में जुड़ गए हैं और दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को उत्कृष्ट करने के उद्देश्य से इस तरह का कार्य नगर पालिका परिषद सारणी में नियम के विरुद्ध किया जा रहा है। अब देखना है कि इस संपूर्ण घटनाक्रम की जानकारी नगर पालिका अधिकारी के संज्ञान में आने के बाद बड़ी लापरवाही में कार्यवाही करते है या अन्य विवादित मामलों जैसे इस मामले का भी निपटारा अपनी सूझबूझ से कर देते है। खैर मामला जो भी हो नगर निगम परिषद सारनी में कार्यरत कर्मचारी अधिकारी असंभव को भी संभव कर दिखाने की कला रखते हैं और यही वजह है कि बड़े-बड़े भ्रष्टाचार के मामले में भी अभी तक किसी भी तरह की कोई जांच या अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं हुई इस संबंध में नगर पालिका परिषद सारनी के लेखपाल बृजेश नागर के दूरभाष क्रमांक 9131****पर कई बार चर्चा करने का प्रयास किया गया लेकिन अपने कार्य क्षेत्र के मुख्यालय से बाहर होने के कारण उनसे चर्चा नहीं हो पाई है।

### इनका कहना है

● दीपावली के पूर्व दो फार्मो को बिना ऑडिट के भुगतान किया गया है,ऐसी जन चर्चा थी इस संबंध में संबंधित फार्मो के दस्तावेज को देखने के बाद स्थिति साफ होगी बिना ऑडिट के संबंधित फार्म को भुगतान करना नियम विरुद्ध है

**– योगेश बर्डे** पार्षद( भाजपा)
चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 16 पाथाखेड़ा

● बिना ऑडिट के यदि नगर पालिका के लेखपाल के माध्यम से भुगतान किया गया है तो इसकी शिकायत कलेक्टर को करके इस मामले की जांच करवाई जाएगी हालांकि नियम विरुद्ध कार्य करना नगर पालिका की आदत हो गई है।

**– आनंद कुमार उर्फ पिटीश नागले**
राजीव गांधी वार्ड 32 पार्षद

# राष्ट्र रक्षा मिशन ने जलाए कृतज्ञता के दिए



## शहीदों की याद में और भारतीय सेना के उत्साह वर्धन के लिए एक एक दीप जलाने का आह्वान

राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

**एक** दिया उनका भी रखना अपनी पूजा की थाली में..!

जिनकी सांसे थम गई भारत माता की रखवाली में ...!!

शहीद भवन में बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति के राष्ट्र रक्षा मिशन द्वारा महापर्व दीपावली की पूर्व संध्या पर शहीदों को याद किया और देश की सुरक्षा के लिए प्रतिपल तैनात जल, थल और वायु सेना की हौसलाअफजाई के लिए दिए जलाए। देश की सीमा पर माँ भारती की रक्षा करने वाले सैनिको के सम्मान दीप प्रज्जवलन के दौरान बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति (राष्ट्र रक्षा मिशन)की अध्यक्ष गौरी बालापुरे पदम , कोषाध्यक्ष श्रीमती जमुना पंडागरे ,सचिव भारत सिंह पदम, अरुण सूर्यवंशी, ईश्वर सोनी, सरिता अतुलकर, लता नागले सहित समिति के कार्यकर्ता साथ उपस्थित रहे। समिति ने इस दीपोत्सव के महापर्व पर एक दीपक शहीद सैनिको की याद में और एक दीपक सेना के प्रति कृतज्ञता के लिए जलाने का आग्रह किया है।

# आष्टा, मुलताई में सोलर पार्क की होगी स्थापनाः दीपक गुगनानी

**बैतूल, राष्ट्रबाण।** प्रधानमंत्री कुसुम अ योजना के अंतर्गत शीघ्र ही रायआमला के समीप आष्टा ग्राम में साढ़े चार मेगावाट यूनिट बिजली उत्पादन हेतु सौर ऊर्जा पार्क बनाया जाएगा। इस सोलर पॉवर योजना के प्रमोटर दीपक दाताराम गुगनानी ने बताया कि मप्र सरकार के साथ उनका तीन दशमलव उन्नीस मेगावाट सोलर पॉवर प्रोजेक्ट लगाने का अनुबंध हस्तारक्षित हो गया है। मप्र पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमि. के साथ हुए इस पॉवर परचेज एग्रीमेंट के अंतर्गत लगभग साढ़े चार मेगावाट एसी बिजली का उत्पादन करके मप्र सरकार को बेचा जाना है। दीपक दाताराम ने बताया कि बिजली उत्पादन का यह अनुबंध मप्र शासन द्वारा पच्चीस वर्षों हेतु किया गया है।

# सुपर हिट हारर मूवी की श्रंखला में शीघ्र प्रदर्शित होगी सिहरन

राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in



**युवा** फिल्म निर्देशक और लेखक मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि स्त्री और भूल-भुलैया जैसी सुपर हिट कामेडी हारर फिल्मों की श्रंखला में उनके द्वारा लिखित व निर्देशित कामेडी/हारर फिल्म सिहरन कंप्लीट होकर शीघ्र प्रदर्शन के लिए तैयार है। फिल्म सिहरन देशभर के लगभग 300 सिनेमाघरों में एक साथ प्रदर्शित होगी, बाद में इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी प्रसारित किया जाएगा।

निर्देशक मनीष वर्मा ने बताया कि ओम शिवाय फिल्म्स के बैनर में निर्मित फिल्म %सिहरन% के निर्माता हरिनारायण चौरसिया और सह निर्माता आभा चौरसिया मध्य प्रदेश के सतना शहर के निवासी हैं। इसके पूर्व हरी चौरसिया मध्यप्रदेश दूरदर्शन पर 150 से अधिक कडियों का धारावाहिक ÷मध्यप्रदेश की विरासत÷ निर्माण व निर्देशित कर चुके हैं। फिल्म की अधिकांश शूटिंग मध्यप्रदेश के ही छतरपुर जिले के बड़ामलहरा में तथा शेष शूटिंग छतरपुर, सतना, भोपाल में हुई है। फिल्म में राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त कलाकारों के साथ-साथ बड़ी संख्या में मध्यप्रदेश के कलाकारो को अवसर दिया गया है। ग्वालियर राजू हरसाना, इंदौर के अब्दुल गफ्फार सतना के हरी चौरसिया और इटारसी के ब्रजकिशोर पटेल फिल्म में महत्वपूर्ण किरदार में अपने अभिनय का जादू दिखाते नजर आएंगे।

नर्मदांचल के सुप्रसिद्ध कवि, रंगकर्मी, सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी ब्रजकिशोर पटेल द्वारा अभिनीत धनिया का किरदार कहानी का महत्वपूर्ण पात्र है। फिल्म में नायक की भूमिका अभिषेक शर्मा ने नायिका की भूमिका में अनुराधा सचान ने बहुत प्रभावशाली अभिनय किया है। ब्रजकिशोर पटेल ने नायक के पिता और नायिका के ससुर ÷धनिया÷ के अहम किरदार को अभिनीत किया है। धनिया गांव का दाने दाने को मोहताज गरीब मजदूर है जो गांव के दबंग जमींदार और उसके भाई तथा पालतू गुंडों से प्रताड़ित है। कहानी में खूबसूरत मोड़ तब आता है जब बचपन से गायब धनिया का बेटा गोपाल अचानक शहर से वापिस लौट आता है। खुद्दार और साहसी गोपाल जमींदार के अन्याय के खिलाफ कमर कसकर खड़ा हो जाता है।

फिल्म सिहरन के लेखक निर्देशक मनीष वर्मा द्वारा रहस्य रोमांच, रोमांस, कामेडी, नृत्य, गीत-संगीत के साथ-साथ अन्याय और प्रतिरोध की रोंगटे खड़ी कर देने बाली कहानी को बुना गया है।

उल्लेखनीय है कि मनीष कुमार वर्मा को विगत माह जय सांई नटराज चित्रपट कला व सांस्कृतिक संस्था द्वारा हिंदी सिनेमा में योगदान के लिए ÷कला-विभूषण ÷ राज्य स्तरीय सम्मान से विभूषित किया गया है। मनीष वर्मा को इसके पूर्व 2016 में उत्तर प्रदेश सरकार समर्पित लघु फिल्म शौचालयः एक प्रतीक्षा के लिए भी पूर्व आर्मी चीफ एवं तत्कालीन विदेश राज्य मंत्री (वर्तमान में मिजोरम के राज्यपाल) के करकमलों द्वारा सम्मानित किया गया था। निर्देशक मनीष वर्मा की मान्यता है कि सिनेमा समाज को दिशा देने का सबसे प्रभावशाली माध्यम है। इसीलिए वे सनातन संस्कृति पर आधारित एक नयी फिल्म प्रोजेक्ट करने की तैयारी में जुटे हुए हैं।

# राज्य स्तरीय राष्ट्रीय कला उत्सव में छात्र-छात्राएं करेंगे प्रदर्शन

## म.प्र. जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान वाल्मी, भोपाल में होगा आयोजन

राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in




बैतूल। कलात्मक प्रतिभा को पहचानने, उसे पोषित करने और शिक्षा में कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय राष्ट्रीय कला उत्सव 2025 का आयोजन 24 एवं 25 अक्टूबर 2025 को म.प्र. जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान वाल्मी, भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देते हुए प्रभारी शिक्षक महेश गुंजेले ने बताया कि कला उत्सव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की प्रमुख अवधारणाओं के अनुरूप है, जो समग्र और व्यापक शिक्षा को बढ़ावा देने में इसके महत्व को दर्शाता है।

कला उत्सव हेतु इस वर्ष की विषयवस्तु विकसित भारत वर्ष 2047 के भारत की परिकल्पना है। यह स्कूलों में उत्सव की वह पहल है जो प्रत्येक वर्ष आयोजित हो रही है। भारत सरकार के कला उत्सव 2025-26 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्कूल स्तर, विकासखंड स्तर, जिला स्तर एवं संभाग स्तर पर कला उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें 12 कलाओं को सम्मिलित किया गया था।

प्रतियोगिता में संगीत गायन एकल शास्त्रीय, उपशास्त्रीय, समूह गायन लोकगीत, भक्तिगीत, देशभक्ति गीत, सुगम संगीत, संगीत वादन, तंत, सुषिर शास्त्रीय, उपशास्त्रीय, संगीत वादन समूह वाद्यवृंद लोक शास्त्रीय, संगीत वादन, ताल वाद्य, एकल नृत्य शास्त्रीय, समूह नृत्य लोक-जनजातीय, नाटक समूह लघुनाटिका, रोल प्ले, मिमिक्री, माइम, दृश्य कला एकल चित्रकला, चित्रकारी, मुद्रण, व्यंग्य चित्र, दृश्य कला एकल मूर्तिकला, दृश्य कला समूह स्थानीय शिल्प, पारंपरिक कहानी वाचन समूह आदि को शामिल किया गया।

संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं 24 एवं 25 अक्टूबर को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय कला उत्सव 2025 में प्रदर्शन करेंगे।

संभाग स्तर पर संगीत गायन एकल शास्त्रीय-उपशास्त्रीय में सतपुड़ा पब्लिक स्कूल, बैतूल से प्रथम स्थान आस्था श्रीवास्तव ने प्राप्त किया। समूह गायन लोकगीत, भक्तिगीत, देशभक्ति गीत, सुगम संगीत में आर.डी. पब्लिक स्कूल, बैतूल की माही, इशिता, भव्य परसाई, रजत यादव की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य लोक, जनजातीय में सांदीपनी विद्यालय, भैंसदेही की शबनम, श्रुतिका, टिंकल, दीक्षा नरवरे की टीम प्रथम रही। नाटक समूह लघुनाटिका, रोल प्ले-मिमिक्री, माइम में आर.डी. पब्लिक स्कूल, बैतूल के चित्रांश, सिद्धार्थ सिंह, हंषिका, दीपांशु की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

संगीत वादन-ताल वाद्य तबला में सतपुड़ा पब्लिक स्कूल, बैतूल के सर्वार्थ दुबे प्रथम रहे। संगीत वादन, सुषिर वाद्य में आर.डी. पब्लिक स्कूल, बैतूल के निखिल देशमुख प्रथम रहे। संगीत वादन समूह वाद्यवृंद लोक शास्त्रीय में आर.डी. पब्लिक स्कूल, बैतूल के कपिल परिहार, अंशिका, तन्मय, अक्षत मालवी का चयन किया गया है। यह सभी छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय राज्य स्तरीय कला उत्सव में नर्मदापुरम संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# 23 अक्टूबर से शुरू होगी श्रीमद् भागवत कथा

## वर्मा परिवार द्वारा पितरों की स्मृति में किया जाएगा आयोजन

राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in



**धार्मिक** नगरी बैतूल बाजार के कैलाश वार्ड में कल 23 अक्टूबर से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का संगीतमय आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित गोपाल कृष्ण गोस्वामी के मुखारविंद से होगा। कथा के शुभारंभ अवसर पर 23 अक्टूबर की सुबह 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक संस्कृत पाठ एवं पूजन का आयोजन रहेगा, जबकि श्रीमद् भागवत कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। समापन 29 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे पूर्णाहुति हवन एवं भोजन प्रसादी के साथ होगा। आयोजकों ने सभी से पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# बैतूल डिस्ट्रिक्ट अंडर-15 क्रिकेट बॉयज टीम का चयन 25 अक्टूबर को



राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in



**जिला** क्रिकेट संघ द्वारा संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु 15 वर्षीय खिलाड़ियों की टीम चयनित किया जाना है। बैतूल जिला क्रिकेट संघ के सचिव अनिल दीक्षित ने बताया कि जिस खिलाड़ी का जन्म 01.09.2010 को या उसके बाद हुआ हो वे खिलाड़ी अंडर 15 के ट्रायल के लिए पात्र होंगे। अंडर 15 की ट्रायल 25 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से संत थेरेसा स्कूल डॉन बोस्को कैंपस बैतूल पर होंगा। सभी खिलाड़ियों को अपना जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड लाना आवश्यक होगा। जिले के बैतूल, मुलताई, भैसदेही, आमला, घोड़ाडोंगरी, शाहपुर एवं सारनी तहसील एवं ग्राम के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कोच मोइस मंसूरी से लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम बैतूल में शाम 4 से शाम 7 बजे तक मिले या दूरभाष 7000662399 पर संपर्क करें और जिला क्रिकेट संघ के सचिव अनिल दीक्षित ने बताया कि जो खिलाड़ी टीम में सेलेक्ट होंगे उन्हें नर्मदापुरम आदेश अनुसार रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरना होंगा।

## 17 लाख का सामान जलकर खाक, फायर ब्रिगेड की मदद से पाया काबू

# आमला में पटाखे की चिंगारी से चार दुकानों में आग

राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in



**बैतूल** के आमला में दीपावली की रात सरकारी अस्पताल के सामने सड़क किनारे स्थित चार दुकानों में आग लग गई। यह घटना सोमवार देर रात करीब 12 बजे हुई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकानों में रखा अधिकांश सामान जलकर खाक हो चुका था।

आग से प्रभावित दुकानदारों में सतीष इंदौरकर (31), मिथुन उर्फ गणेश साहू (32), राजेश साहू (38) और सुनील धरमे (38) शामिल हैं। सतीष, मिथुन और राजेश सोमवारी चौक, आमला के निवासी हैं, जबकि सुनील वार्ड क्रमांक 5, प्रकाश मेडिकल के पीछे, आमला के रहने वाले हैं। इन चारों की इलेक्ट्रॉनिक्स और जूते-चप्पल की दुकानें सरकारी अस्पताल के सामने स्थित थीं।

दुकानदारों के अनुसार, आग लगने से उनका लगभग 16 से 17 लाख रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। आग इतनी भीषण थी कि आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का काम किया।

थाना प्रभारी राजेश सातनकर ने बताया कि प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण पटाखे की चिंगारी प्रतीत हो रहा है। प्रत्येक दुकानदार की शिकायत पर अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# बीजासनी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव आज

**बैतूल।** बैतूल गंज स्थित बीजासनी माता मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अन्नकूट महोत्सव का आयोजन आज बुधवार 22 अक्टूबर को किया गया है। दोपहर 12 बजे पूजन एवं आरती के उपरांत 12.15 बजे से भंडारा प्रारंभ होगा जिसमें लगभग 8 से 10 हजार श्रद्धालुओं के बैठकर प्रसाद ग्रहण करने का अनुमान है। मंदिर संस्थापक एवं समिति के अध्यक्ष पंडित दीपक शर्मा ने बताया कि विगत कई वर्षो से अन्नकूट महोत्सव बीजासनी मंदिर में मनाया जाता है, विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर भंडारा प्रारंभ किया जाता है मंदिर समिति की ओर से उन्होंने सभी धर्मप्रेमियों से अन्नकूट महोत्सव में शामिल होकर भंडारा प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।

# जमीनी विवाद के झगड़े में 12 घायल, दो गोंदिया रेफर

## ग्रामीणों ने लालबर्रा पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाया, बालाघाट एसपी से शिकायत की

राष्ट्रबाण | बालाघाट | संवाददाता | rashtrabaan.in

बालाघाट के लालबर्रा थाना क्षेत्र के ददिया गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पड़ोसी परिवारों के बीच हुए संघर्ष में दो महिला सहित करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। इनमें से एक महिला और एक पुरुष को गोंदिया रेफर किया गया है। ग्रामीणों ने लालबर्रा पुलिस पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। एसपी कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार रात करीब 11 बजे एक पक्ष के राधेलाल बिसेन और उनके परिवार के सदस्यों ने यादवराव बिसेन के घर में घुसकर हमला कर दिया। यादवराव बिसेन, उनके पुत्र, नाती और महिलाएं उस समय घर में सो रहे थे। इस हमले में यादवराव बिसेन के पुत्र सीताराम बिसेन को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें गोंदिया के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।





घटनाक्रम के अनुसार, यादवराव बिसेन और उनके भतीजे राधेलाल बिसेन के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते दोनों परिवारों के बीच अकसर झगड़े होते रहते हैं। ददिया निवासी मनीराम भोयर ने बताया कि इस मामले में लालबर्रा पुलिस ने काउंटर मामला दर्ज किया है। उनका आरोप है कि यादवराव बिसेन के परिवार के सदस्यों को ज्यादा चोटें आई हैं। उन पर रात में घर में घुसकर हमला किया गया था, फिर भी पुलिस की कार्रवाई पक्षपातपूर्ण है। ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय में शिकायत करते हुए घर में घुसकर हमला करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि पुलिस की पक्षपातपूर्ण कार्रवाई से गांव में अशांति का माहौल है और न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# भूतना की गौशाला में हर्षोल्लास से की गई गोवर्धन पूजा

## जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों ने किया पूजन



राष्ट्रबाण | बालाघाट | डेस्क | rashtrabaan.in

मध्यप्रदेश शासन के निर्देश के अनुरूप जनपद पंचायत बिरसा के अंतर्गत ग्राम पंचायत भूतना के श्रीकृष्ण गौशाला परिसर में 21 अक्टूबर को पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। गोवर्धन पर्वत की प्रतीकात्मक पूजा कर समृद्धि और सुख-शांति की कामना की गई।

गौशाला में गौमाता की आरती एवं परिक्रमा के साथ वातावरण भक्तिमय बन गया। ग्राम समूह के द्वारा बनाए गए भोजन, पकवान, विशेष खिचड़ी, गुड चना प्रसाद को गौमाता को खिलाया गया। बाजा-गाजा के साथ राउत दोहा पर ग्रामीण नृत्य करते दिखे। गौशाला में लगभग 85 नग से अधिक मवेशी हैं। कुछ क्षेत्रों में आज गोवर्धन पूजा की जा रही है तो कुछ क्षेत्रों में तिथि विशेष आधारित कल गोवर्धन पूजा की जाएगी। ग्राम भूतना में सुबह से ही गोवर्धन पूजा को लेकर ग्रामीणों में एक अलग उत्साह और जोश था।

बिरसा जनपद में केवल ग्राम पंचायत भूतना में ही गौशाला है।यहां पर मवेशियों की देखरेख अच्छे से होती है। उनके खान पान पर विशेष ध्यान दिया जाता है। ग्रामीणों द्वारा इन्हें चराने के लिए अलग अलग टीम बनाकर समय निर्धारित कर लिया गया है।

गोवर्धन पूजा के इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत बिरसा की अध्यक्ष सविता धुर्वे, उपाध्यक्ष हेमंत साहू, सरपंच प्रेमबती मेरावी और ग्रामीणों के द्वारा पूजन अर्चन कर गौमाता को भोजन खिलाया गया। इसके बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया। अध्यक्ष सविता धुर्वे द्वारा ग्राम के समूह को इसी प्रकार अच्छे से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने कहा कि गोवर्धन पूजा भारतीय संस्कृति में प्रकृति, गौवंश और किसान जीवन के सम्मान का प्रतीक है। इसका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत बिरसा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, ग्राम पंचायत भूतना सरपंच के साथ खंड पंचायत अधिकारी डी एस परते, पशु चिकित्सक डॉ राजेश शेंडे, ग्राम पंचायत भूतना के सचिव राजेंद्र धुर्वे, मोबाइलाइजर, सोनघाघरा आजीविका समूह अध्यक्ष कांता मरकाम, सचिव कविता शरणागत, झाडूलाल यादव, चंदरलाल यादव, अमित शरणागत, रूपलाल, लोचन शरणागत, हौसीलाल सहित समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

# बाघ नाखून तस्करी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

## निशानदेही पर नाले से हड्डियां मिलीं; फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा

राष्ट्रबाण | बालाघाट | डेस्क | rashtrabaan.in

बालाघाट में बाघ के नाखून तस्करी मामले में फरार तीसरे आरोपी सतीश भलावी को वन विभाग ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर लामता के मैरा जंगल में एक नाले की खुदाई की गई, जहां से हड्डियां मिली हैं। इन हड्डियों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। यह मामला 14 अक्टूबर का है, जब उत्तर वनमंडल सामान्य अंतर्गत परिक्षेत्र उत्तर उकवा में वन विभाग की टीम ने बाघ के 13 नाखूनों के साथ महेंद्र मड़ावी और महेंद्र राऊत नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उस समय सतीश भलावी और नंदकिशोर पटले फरार हो गए थे। गिरफ्तारी के बाद आरोपी सतीश भलावी ने वन विभाग को बताया कि उसे नाखून जंगल के एक नाले में मिले थे। उसने ही इन नाखूनों को बेचने के लिए महेंद्र मड़ावी को दिया था। सतीश की निशानदेही पर लामता के मैरा जंगल के कक्ष क्रमांक 1189 में स्थित



नाले में खुदाई की गई। इस दौरान टीम को कुछ हड्डियां मिलीं। वन विभाग ने इन हड्डियों के टुकड़ों को फॉरेंसिक लैब में जांच के लिए भेजा है।

### एक और बाघ के मौत की आशंका

आरोपी सतीश इन हड्डियों को बाघ की बता रहा है, जिससे क्षेत्र में एक और बाघ की मौत की आशंका जताई जा रही है। बाघ की मौत स्वाभाविक थी या उसका शिकार किया गया था, यह फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। इस मामले में अभी भी मोहगांव के ग्राम फंडकी निवासी किशोर उर्फ नंदकिशोर पटले फरार है, जिसकी तलाश में वन विभाग की टीम जुटी हुई है।

# बालाघाट में पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, परिवारों ने बताई समस्याएं

## एसपी बोले- सहायता सेल से मिलेगी मदद

राष्ट्रबाण | बालाघाट | डेस्क | rashtrabaan.in

बालाघाट में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया, जहां शहीद जवानों और जनशहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर शहीद सुखलाल उईके की पत्नी जीराबाई ने अपने शिक्षित बेटों के लिए नौकरी की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि उनके बेटों को हाल ही में नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवाओं के लिए हुई विशेष भर्ती में अवसर नहीं मिला। अन्य शहीद पुलिस जवानों के परिवारों ने भी पेंशन और अन्य समस्याओं पर चर्चा की। यह आयोजन 21 अक्टूबर को पुलिस लाइन में पुलिस महानिरीक्षक संजय कुमार के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम में शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके परिजनों का सम्मान किया गया।पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने पिछले एक वर्ष में देश भर में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए 191 जवानों की सूची का वाचन किया। इनमें बालाघाट जिले के 70 जवान और अन्य राज्यों व जिलों के 34 जवान शामिल थे।



### शहीद पुलिसकर्मी की बेटी पहनेगी पुलिस की वर्दी

वर्ष 1999 में नक्सलियों घटना में शहीद हुए जवान टेकाम की बेटी प्रियंका टेकाम, कल से पुलिस की वर्दी पहनेगी। पिता की तरह ही जनसेवा के भाव के प्रियंका ने पुलिस सेवा में भर्ती ली है। जिसे पुलिस विभाग में नौकरी मिली है और आज पिता को शहीद श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद वह कल 22 अक्टूबर से पिता की तरह पुलिस वर्दी में अपनी जनसेवा की शुरुआत करेगी।

उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख क्षेत्र में चीनी हमले में सुरक्षा बल के 10 जवान शहीद हो गए थे। तब से हर वर्ष 21 अक्टूबर को देश में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन कर सीआरपीएफ, बीएसएफ, पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी जाती है। एसपी आदित्य मिश्रा ने बताया कि आम जनता से पुलिस को सहयोग करने वालों को सरकार की नीति के तहत समय-समय पर लाभान्वित किया जाता है। उन्होंने जीराबाई के आवेदन को स्वीकार करते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। एसपी ने शहीद पुलिस जवानों के परिवारों के लिए एक सहायता सेल बनाने की भी जानकारी दी, जिसके माध्यम से उनकी समस्याओं को जानकर उनका निराकरण किया जाएगा।

### इन्होंने दी श्रद्धांजलि

कार्यक्रम में सांसद भारती पारधी, पुलिस उपमहानिरीक्षक विनीत जैन, कलेक्टर मृणाल मीना, 36 वीं वाहिनी कनकी के डिप्टी कमांडेंट आलोक शर्मा, सीआरपीएफ 123 बटालियन के डीआईजी अनूप कुमार सिंह, हॉकफोर्स के सीओ सियाज खान, कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट पंकज कुमार मीना, पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य मौसम हरिनखेड़े, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, वारासिवनी एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, पूर्व विधायक डॉ योगेन्द्र निर्मल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी, समाजसेवी ऋषभदास वैद्य, सहित गणमान्य नागरिक, अधिकारी एवं शहीद पुलिस और जनशहीदों के परिवार ने शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बिठली और भानेगांव की गौशाला में गोवर्धन पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राष्ट्रबाण | बालाघाट | डेस्क | rashtrabaan.in

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने और इसमें पशुओं की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए दीपावली पर्व के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम जन की सहभागिता के साथ गौशालाओं में गोवर्धन पूजन कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। पुरातन भारतीय परंपरा की इसी कड़ी में 21 अक्टूबर को बिठली और भानेगांव की गौशाला में गोवर्धन पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 21 अक्टूबर को वारासिवनी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बिठली की बालाजी गौशाला में गोवर्धन पूजन कार्यकम का आयोजन विधायक श्री विवेक (विक्की) पटेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रदीप जायसवाल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ आर एस नगपुरे, विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेंद्र कुमार घोड़ेस्वार, जिला नोडल गौशाला डा अमित कावड़े की उपस्थिति में अतिथियों द्वारा गोवर्धन पूजा सम्पन्न की गई द्य इस अवसर पर ग्राम के सरपंच, उप सरपंच, सचिव महेंद्र सिंह परिहार, धरमचंद पारधी भी उपस्थित थे। 21 अक्टूबर को लांजी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम भानेगांव स्थित मुण्डीदेव गौशाला में गोवर्धन पूजन कार्यकम का आयोजन विधायक श्री राजकुमार कर्राहे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न किया गया।

22 अक्टूबर को कटंगी विकासखंड के ग्राम कटेदरा स्थित कामधेनु गौशाला में दोपहर 2 बजे से गोवर्धन पूजन कार्यकम का आयोजन विधायक श्री गौरव पारधी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न किया जाएगा। इसी प्रकार 22 अक्टूबर को बालाघाट विकासखंड के ग्राम चिचगांव स्थित नर्मदा गौशाला में गोवर्धन पूजन कार्यकम का आयोजन सांसद श्रीमती भारती पारधी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न किया जाएगा।

# बैहर की श्री राम गौशाला में हुआ गोवर्धन पूजा का आयोजन

राष्ट्रबाण | बालाघाट | डेस्क | rashtrabaan.in

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार 21 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर नवांकुर संस्था श्री राम शैक्षणिक समिति द्वारा बैहर में संचालित गौ शाला में ग्रामीण परंपरा एवं संस्कृति को बनाएं रखते हुए आज गोवर्धन पूजा के शुभ अवसर पर गौ माता का पूजन किया गया। भारत की गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए गौ पूजन का आयोजन किया गया। धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक, गोवर्धन पूजा का पर्व श्रीकृष्ण के प्रकृति-प्रेम और गोकुल की रक्षा को याद कराता है। इस दिन भगवान कृष्ण की पूजा से धन-धान्य, सुख-शांति और पारिवारिक एकता बढ़ती है। दान-दक्षिणा से पुण्य प्राप्त होता है। इस दिन अन्नकूट प्रसाद बांटने की परंपरा भी है, जो समृद्धि का प्रतीक है। इस अवसर पर पशुपालन विभाग से विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आशिष वैद्य, विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद श्री महेश पटले, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड बालाघाट श्रीमती माधुरी पटले, नवांकुर संस्था के श्री राजेन्द्र बिसेन, गौशाला समन्वयक हेमलता बिसेन, श्री शिवनाथ यादव मेंटर श्री सुरेश यादव, जन भागीदारी अध्यक्ष राजीव परते अध्यक्ष जन भागीदारी समिति अरण्य भारती महाविद्यालय बैहर व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# बालाघाट में काली पूजा के हुए 62 साल

## बंगाल से आता है साज-सज्जा का सामान; शुक्रवार को होगा विसर्जन

राष्ट्रबाण | बालाघाट | संवाददाता | rashtrabaan.in

बालाघाट जिले का बंगाली समाज दीपावली के अवसर पर मां दुर्गा की तरह मां काली की पूजा करता है। नगर में पिछले 62 वर्षों से मां काली की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इस वर्ष 20 अक्टूबर की रात लगभग 11 बजे बंगाली समाज ने 12 फीट ऊंची मां काली की प्रतिमा विराजित की। प्रतिमा स्थापना से पूर्व मंडप बंधन और मां के आह्वान के बाद प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके उपरांत सोमवार सुबह पौने 6 बजे तक लगभग पांच घंटे तक दो-पहर की विशेष पूजा संपन्न हुई। बंगाली समाज के प्रतिनिधि मनोज चक्रवती ने बताया कि मां की साज-सज्जा का सामान, पूजन सामग्री और पूजन कराने वाले पंडित विशेष रूप से बंगाल से आते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बंगाली समाज जहां मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करता है, वहीं मां काली की प्रतिमा भी विराजित होती है। इसी परंपरा के तहत, पिछले 62 वर्षों से जिले का बंगाली समाज कॉलेज के समीप मैदान में दुर्गा और काली पूजा का आयोजन करता आ रहा है। प्रतिमा विराजित होने के साथ ही चार दिवसीय काली पर्व की शुरुआत हो गई है।

62 वर्षों से चली आ रही इस परंपरा का निर्वहन करते हुए बंगाली समाज मां काली को बड़ी मां और शक्तिपूजा के रूप में पूजता है। ऐसी मान्यता है कि आधी रात को मां काली की विधिवत पूजा करने से मनुष्य के जीवन के संकट, दुख और पीड़ाएं समाप्त हो जाती हैं, शत्रुओं का नाश होता है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। बंगाली समाज के युवा सौरभ बैरा ने बताया कि बंगाली समाज में दीपावली पर मां काली की पूजा का विशेष महत्व है। जहां अन्य हिंदू परिवार दीपावली पर मां लक्ष्मी की पूजा करते हैं, वहीं बंगाली परिवार मां काली की आराधना करता है। बंगाली परिवार मां लक्ष्मी की पूजा शरद पूर्णिमा पर करता है। उन्होंने बताया कि तीन दिनों तक मां की आराधना और उपासना की जाएगी।

# सिवनी की कारीरात गोशाला में गोवर्धन पूजा

राष्ट्रबाण | सिवनी | संवाददाता | rashtrabaan.in

सिवनी में गोवर्धन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसका जिला स्तरीय कार्यक्रम कारीरात गोशाला में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर शीतला पटले, विधायक दिनेश राय मुनमुन सहित अन्य लोगों ने गोवर्धन पूजन किया। उन्होंने गोवंश को घास खिलाकर सेवा, समर्पण और संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम स्थल पर गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर उसकी पूजा की गई। गोशाला परिसर भक्ति गीतों, शंख ध्वनि और हरि नाम के जयघोष से गूंज उठा। अतिथियों ने गोशाला में कार्यरत कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि गोसेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है, जो धार्मिक परंपरा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और जैविक जीवनशैली से भी जुड़ी है। पशुपालन विभाग द्वारा जैविक खेती और उन्नत पशुपालन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी किया गया। विशेषज्ञों ने किसानों और गोशाला प्रबंधकों को गोमय, गोमूत्र और पंचगव्य जैसे उत्पादों का उपयोग कर प्राकृतिक खेती करने की जानकारी दी।

## पुष्पचक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि, जवानों के नाम पुकार कर किया याद

# सिवनी में दिवंगत पुलिस-आर्मी जवानों एसपी ने किया सैल्यूट

राष्ट्रबाण | सिवनी | संवाददाता | rashtrabaan.in

सिवनी जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक स्थल पर 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम श्रद्धा और सम्मान के साथ आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता शहीद स्मारक पर दिवंगत जवानों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। दिवंगत जवानों के नाम बोले गए। इस अवसर पर जिले के 14 शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने 1 सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 की अवधि में देशभर में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए 191 पुलिस जवानों की सूची का वाचन किया। इसके बाद उन्होंने जिले के 14 शहीद जवानों के परिजनों को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद जवानों को नमन किया। पुलिस बैंड द्वारा शोक सलामी दी गई तथा उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि पुलिस स्मृति दिवस प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 1959 में हुई थी, जब लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में भारत-चीन सीमा पर 10 भारतीय पुलिस जवान चीनी सेना के हमले में शहीद हुए थे। यह दिवस उनकी शौर्यगाथा और कर्तव्यपरायणता के सम्मान में मनाया जाता है, ताकि देश की आंतरिक सुरक्षा और जनसेवा में पुलिस बल के योगदान को याद किया जा सके।कार्यक्रम में विधायक दिनेश राय, नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, भाजपा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन, कलेक्टर शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा एसडीएम पूर्वी तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433